पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने पी0जी0आई0 में कार्यशाला का उद्घाटन किया
डाक्टर के विश्वास से मरीज का भी आत्म-विश्वास बढ़ता है--श्री नाईक

लखनऊः 05 जून, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ में कार्डियोलाॅजी विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय इण्डो-जैपनीज लाइव सम्मिट आॅन क्रोनिक टोटल आक्लूजन के उद्घाटन सत्र में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज का विषय बहुत प्रासंगिक है। बदलती हुई जीवन शैली से हृदय आघात, मधुमेह आदि रोज के शब्द हो गये हैं। उन्होंने कहा कि जीवनशैली में सुधार करना वैज्ञानिकों और चिकित्सकों के लिये चुनौतीपूर्ण कार्य है।

श्री नाईक ने संस्थान की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्थान का नाम अब केवल प्रदेश एवं देश तक सीमित नहीं है, बल्कि पी0जी0आई0, लखनऊ ने विदेशों में भी अपना नाम स्थापित किया है। पड़ोसी देशों के भी लोग अपना इलाज कराने यहां आते हैं। उन्होंने कहा कि समाचार पत्रों में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार इस समय भारत में दस करोड़ से ज्यादा लोग अनेक बीमारियों की चपेट में हैं। 2020 तक यदि सुधार नहीं हुआ तो हृदयरोगियों की संख्या बढ़ सकती है। ज्ञान बांटने से ज्ञान बढ़ता है। ऐसी कार्यशालाओं के आयोजन से जहां ज्ञान का आदान-प्रदान होगा तो वहीं प्रतिभागियों में कौशल का विकास होगा, जिससे उनमें रोगी सेवा के लिये नया विश्वास पैदा होगा। उन्होंने कहा कि कार्यशाला की सार्थकता तभी सम्भव है जब ज्ञान में वृद्धि हो।

राज्यपाल ने कहा कि आज का विषय तकनीकी विषय है। प्रदेश के मुखिया एवं संस्थान के कुलाध्यक्ष होने के नाते वे उद्घाटन सत्र में उपस्थित हुए हैं। उन्होंने कहा कि 20 वर्ष पहले जब वे कैंसर से पीड़ित थे तो डाक्टरों की राय मानते हुए उन्होंने एक अच्छे रोगी होने का परिचय दिया था। चिकित्सकों ने जिस प्रकार उनका इलाज किया और मन में विश्वास पैदा किया वह अद्वितीय था। उन्होंने कहा कि डाक्टर के विश्वास से मरीज का भी आत्म-विश्वास बढ़ता है।

इस अवसर पर डा0 राकेश कपूर, निदेशक, संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि कार्यशाला से निश्चित रूप से ज्ञान में वृद्धि होगी। कार्यक्रम में जापान से आये डा0 तोशिया मारामत्सु सहित डा0 सूर्य प्रकाश राव, डा0 गणेश कुमार ने भी अपने विचार रखे। कार्यशाला में ग्रीस, अमेरिका, जापान व अन्य देशोें के विशेषज्ञ भी उपस्थित थे। कार्डियोलाॅजी के विभागाध्यक्ष, डा0 पी0के0 गोयल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

Gold
Intas Lupin Torrent Translumina (Asahi + Kaneka)
Silver
Biotronic St. Jude Sunpharma Zydus
Others
Aprica Astra Zenica Cipla Kimberly Clark Merck Sanofi Serdia USV
Sanjay Gandhi Post Graduate
Institute of Medical Sciences (SGPGIMS),
Lucknow, India
3rd Live Summit
Chronic Total Occlusion
5th-7th June
In Association with :
CTO Club
SURYA PRAKASH RAO
P K GOEL
Hon'ble Governor of Uttar Pradesh
RAKESH KAPOOR

3rd Live
hronic Total
5th-7th Jun

Gold
Torrent
Translumina (Asahi + Kaneka)
Silver
St. Jude
Sunpharma
Zydus
Others
Cipla
Kimberly Clark
Merck
Sanofi
Serdia
USV
P K GOEL
RAKESH KAPOOR

Abbott
Boston Scientific
Medtronic
TERUMO
Gold
Intas
Lupin
Torrent
Translumina (Asahi + Kaneka)
Silver
Biotronic
St. Jude
Sunpharma
Zydus
Others
Cipla
Kimberly Clark
Merck
Sanofi
Serdia
USV
Sanjay Gandhi Post Graduate
Institute of Medical Sciences (SGPGIMS),
Lucknow, India
IJCT
3rd Live Summit on
Chronic Total Occlusion,
5th-7th June 2015,